बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

विज्ञप्ति सं० : पी०आर० ...../2026

NCTE से मान्यता प्राप्त एवं बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से सम्बद्धता प्रदत्त सरकारी एवं निजी प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षण सत्र 2026–28 में नामांकन के संबंध में डी०एल०एड० संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2026 उत्तीर्ण आवेदकों एवं संबंधित प्राचार्य के लिए आवश्यक सूचना।

एतद् द्वारा विज्ञप्ति संख्या पी०आर० 181/2026 के क्रम में सभी संबंधितों को सूचित किया जाता है कि डी०एल०एड० संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2026 के उतीर्ण एवं डी०एल०एड० संस्थानों में सत्र 2026–28 में नामांकन हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों के हित में Common Application Form (CAF) एवं शुल्क ऑनलाइन जमा करने की अवधि **दिनांक 24.08.2026 तक** विस्तारित की जाती है।

2. इच्छुक अभ्यर्थी समिति के पोर्टल **https://bsebdeled.com** पर विस्तारित अवधि में ऑनलाइन Common Application Form (CAF) एवं शुल्क जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

3. उपर्युक्त के फलस्वरूप नामांकन से संबंधित अन्य गतिविधियों की महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्नवत् है :–

क्र० सं०	कार्य	तिथि
i	ऑनलाइन आवेदन (CAF) एवं शुल्क जमा करने की विस्तारित अवधि	24.08.2026 तक
ii	प्रथम चयन सूची जारी होने की तिथि	27.08.2026
iii	प्रथम चयन सूची के आधार पर नामांकन की अवधि	27.08.2026 से 31.08.2026 तक
iv	आवेदकों द्वारा नामांकन के पश्चात् स्लाइड अप प्रक्रिया की अवधि	27.08.2026 से 31.08.2026 तक
v	प्रशिक्षण संस्थान द्वारा पोर्टल पर अंतिम रूप से सीट Updation किए जाने की तिथि	01.09.2026
vi	जिस आवेदक का चयन ***"प्रथम चयन सूची"*** में कहीं भी नहीं होता है तो उसके लिए नया विकल्प भरने अथवा पूर्व के विकल्प में परिवर्तन करने की अवधि	03.09.2026 तक
vii	द्वितीय चयन सूची जारी करने की तिथि	05.09.2026
viii	द्वितीय सूची के आधार पर नामांकन की अवधि	05.09.2026 से 08.09.2026 तक
ix	आवेदकों द्वारा नामांकन के पश्चात् स्लाइड अप प्रक्रिया की अवधि	05.09.2026 से 08.09.2026 तक
x	प्रशिक्षण संस्थान द्वारा पोर्टल पर अंतिम रूप से सीट Updation किए जाने की तिथि	09.09.2026
xi	जिस आवेदक का चयन ***"प्रथम चयन सूची अथवा द्वितीय चयन सूची"*** में कहीं भी नहीं होता है तो उसके लिए नया विकल्प भरने अथवा पूर्व के विकल्प में परिवर्तन करने की अवधि	10.09.2026 तक
xii	तृतीय चयन सूची जारी करने की तिथि	12.09.2026
xiii	तृतीय चयन सूची के आधार पर नामांकन की अवधि	12.09.2026 से 15.09.2026 तक
xiv	प्रशिक्षण संस्थान द्वारा पोर्टल पर अंतिम रूप से सीट Updation किए जाने की तिथि	16.09.2026

4. संस्थान द्वारा नामांकन का कार्य रविवारीय अवकाश के दिनों में भी किया जाएगा।

5. समिति की विज्ञप्ति संख्या पी०आर० 181/2026 की शेष शर्तें/बाते यथावत् रहेंगी।

परीक्षा नियंत्रक (विविध),
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति।